तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025



13 उपेक्षा के चलते कुओं का अस्तित्व समाप्त...





14 हनुमानजी का मनाया गया जन्मोत्सव पूजा पाठ ...











## खबर संक्षेप

### अमितेश आज मानसगान सम्मेलन में होंगे शामिल

कोपरा। कांग्रेस नेता एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे कोपरा में आयोजित मानसगान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर उनके सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है। जानकारी देते हुए कांग्रेस जोन अध्यक्ष वेदराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को मजबूती देने का संदेश दिया जाएगा। श्री शुक्ल की उपस्थिति से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है।



### अमितेश शुक्ल गोंड समाज के भवन का आज करेंगे लोकार्पण

पाटसिवनी (पिपरहट्टा)। छुरा ब्लॉक के ग्राम पाटसिवनी में 13 अप्रैल को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया हैं। कार्यक्रम में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री अमितेश शुक्ल शाम 4 बजे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगें।

### कौंवाझर पंचायत सचिव की चल रही मनमानी

महासमुंद। ग्राम पंचायत कौंवाझर के सचिव द्वारा हड़ताल अवधि में सुशासन त्योहार एवं पंचायत प्रभार में उपस्थित होने की शिकायत पंचायत पदाधिकारियों ने की है। महासमुंद विकासखंड ग्राम पंचायत कौंवाझर के पंचायत सचिव रोहित कुमार जो कि सचिव संघ में हड़ताल में रहते हुए बिना कार्य के उपस्थित रहकर पंचायत प्रभार जिसे 1 माह पूर्ण शपथ समारोह के दिन देना था, नहीं दिया गया। वह शासन एवं संघ को गुमराह कर रहे हैं। प्रभार सूची में अनेक विसंगति है। 5 वर्ष में पूर्ण किए गए कार्य की राशि का आजपर्यंत भी भुगतान नहीं किया गया है।

### ठगी : फर्जी अधिकारी और कथित पत्रकार पुलिस गिरफ्त में

# ओवरलोड के नाम पर वाहन की जांच की फर्जी माइनिंग अधिकारी ने ऐंठे 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर राजिम मार्ग मे 11 अप्रैल को मानिकचौरी रेलवे क्रांसिग के पास रेत भरकर आ रही हाईवा वाहनों को रोककर अपने आप को तथाकथित माइनिंग अधिकारी एवं पत्रकार बताकर हाईवा वाहनों में ओवरलोड एवं रायल्टी जांच कर रहे थे। उक्त वाहन के चालक के पास रायल्टी पर्ची नहीं होने पर हाईवा चालकों को 4 लाख रूपये का ऑनलाईन चालान काटने की धमकी दी गई, इससे चालक ओमलाल यादव एवं मोहित साहू से 30 हजार रूपये फोन पे के माध्यम से वसूली की गई। इस संबंध मे चालक द्वारा अपने अपने मालिकों को सूचना दिया तथा ट्रक मालिक ने चालको को उनका पीछा करने के लिए कहा गया तथा चालकों ने तथाकथित माइनिंग अधिकारी व पत्रकार को पकड़कर थाना लाया गया।



इस संबंध मे चालक ओमलाल यादव द्वारा लिखित शिकायत की गई है कि मानिकचौरी रेलवे फाटक के पास पहुंचा था उसी समय कार क्रं माक सीजी 04 एनयू 4215 मे बैठे चार लोग नीचे उतरे और गाड़ी को रोकने के लिए हाथ मारा,गाड़ी खड़ी करने पर रायल्टी की मांग किया गया और कहने लगे गाड़ी मे ओवरलोड है 20 हजार रूपये की मांग करते हुये बताया कि हम लोग माइनिंग अधिकारी व पत्रकार है पैसा नही देने पर 4 लाख रूपये का ऑनलाईन चालान कटेगा। इसी तरह मेरे पीछे हाईवा ट्रक क्रं माक सीजी 04 पीवाय 8256 जिसको डायवर संदीप कुमार चला रहा था उसे भी रोककर 5 हजार रूपये की मांग करने लगे नही देने पर चालान की धमकी दी गई, पैसा नही होने की बात कहने पर उनके द्वारा अपने मोबाइल से बार कोड देकर 15 हजार रूपये ट्रांसफर करवाया गया। चारो लोग आपस मे एक दूसरे का नाम ले रहे थे महिला का नाम तिलका साहू ,माइनिंग अधिकारी बताने वाला आशीष यादव एवं बार कोड देने वाला प्रणव साहू एवं कार चालक संदीप साहू यह लोग पैसा लेने के बाद एक सादे कागज मे गाड़ी नंबर और अंग्रेजी मे खनिज विभाग लिखकर दिये और उनके द्वारा बोला गया कि यह कागज आगे दिखाना दोबारा चालान नही होगा तथा इन सभी व्यक्तियो के हाव भाव से शंका होने पर अपने अपने ट्रक मालको को सूचना दिया जिसपर मालिको को मिली निर्देश पर तथाकथित फर्जी मायनिंग अधिकारी व पत्रकारो का पीछा कर पकडक़र थाना के हवाले किया गया। अभनपुर थाना मे इस मामले मे बीएनस धारा 204, 3(5), 308 (2), 318(4), 319(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो के बारे मे और भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मुरमुरा गांव निवासी युवक ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मृतिका ओमिका साहू गरियाबंद पुलिस विभाग में पदस्थ थी। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह लगभग 10 बजे मुरमुरा निवासी सोहन लाल साहू पाण्डुका थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। उसने बताया कि हत्या विजय नगर के जंगल में एक पुलिया के पास की गई है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला का शव बरामद कर लिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लगी रही। पाण्डुका थाना प्रभारी जय प्रकाश नेताम ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आरोपी पति सोहन लाल साहू को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि ओमिका साहू और सोहन लाल साहू की शादी सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हत्या के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने आशंका जताई है कि घटना शनिवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच की है। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

■ पुलिस जवान थी मृतिका

## तौरेगा के पास अज्ञात वाहन ने हिरण को कुचला, मौत

**मैनपुर।** नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग में तौरेगा के पहले अज्ञात वाहन की जबरदस्त ठोकर से एक हिरण की मौत हो गई है। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। अज्ञात वाहन द्वारा इतना जबरदस्त टक्कर मर गया है कि हिरण के सामने का पैर अलग हो गया है वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरंगा केजूराम कोर्चे ने बताया की यह गरियाबंद वन मंडल के मैनपुर परिक्षेत्र में घटना हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार सुबह किसी अज्ञात वाहन ने एक हिरण को जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई मादा हिरण का उम्र लगभग 3 वर्ष का बताया जा रहा है वन विभाग द्वारा पशुचिकित्सालय का डॉक्टर बुलाकर पोस्टमार्डम किया जा चूका है।



# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ हवन-पूजन

**कोपरा।** नगर के प्रमुख श्री हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई गई। परंपरागत रूप से इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे प्रभात फेरी से हुई, जिसमें भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया गया। इसके बाद सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात 10:15 बजे से विधिवत हवन-पूजन और आरती सम्पन्न हुई। हवन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद व मिष्ठान वितरित किया गया, जो संध्या तक जारी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर की समस्त माता सेवा मंडली, मानस गान मंडली, प्रभात भजन मंडली और ऊर्जावान युवा साथियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। श्री हनुमान मंदिर समिति एवं कृषि समिति कोपरा ने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार जताया।





### वाहन चोरी, धोखाधड़ी एवं वाहनों की पहचान के लिए लगाए जा रहे नंबर प्लेट

# वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाने 15 तक मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पहले के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की की मियाद 15 अप्रैल तय की गई है। 15 अप्रैल के पश्चात जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे है उन पर चालान की कार्रवाई परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा की जाएगी।

विभाग का कहना है कि जांच के दौरान पकड़े जाने पर 500 से 10000 तक का चालान भरना होगा। एक जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में 40 लाख और रायपुर जिले में 10 लाख से अधिक वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। बता दे कि परिवहन विभाग ने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए वाहन चालकों को 3 अप्रैल तक अंतिम मोहलत दी थी। अब 15 अप्रैल तक समझाइए दी जा रही है। गौरतलब है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत 1 अप्रैल 2019 से पहले के दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया है।




### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ?

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एक विशेष तरह का नंबर प्लेट है जो वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने और चोरी को रोकने के लिए इस्तेमाल की जाती है। लिखे हुए नंबर प्लेट में मजबूती एवं टिकाऊपन के लिए अल्युमिनियम धातु का इस्तमाल किया गया है। एक लेजर कोड, प्रकाश को परावर्तित करने के लिए क्रोमियम होलोग्राम लगाया गया है। जिसमें छेड़छाड़ करना मुश्किल होता है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट में कलर कोडेड स्टीकर लगाया जाता है। जिससे वहां की पंजीयन संख्या, इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर की पहचान हो जाती है। वाहन की चोरी एवं धोखाधड़ी के रोकने के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट मददगार है।




# 22 सौ घर पीएम सूर्य योजना से रोशन, 38 हजार कतार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से प्रदेश के 22 सौ घर रोशन हो गए हैं। अभी 38 हजार उपभोक्ता कतार में हैं। इसमें और बूम आने की संभावना है, लेकिन फिलहाल केंद्र सरकार के पोर्टल में कुछ तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसको ठीक करने का काम चल रहा है।

हरिभूमि सरोकार

इधर अब योजना में प्रदेश सरकार भी सब्सिडी देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए बजट में दो सौ करोड़ का प्रावधान भी हो गया है। कितने किलो वॉट तक कितनी सब्सिडी देनी है, इसकी जानकारी सामने आने के बाद आवेदनों की संख्या में और इजाफा होगा। 2027 तक प्रदेश में 1.30 लाख घरों को रोशन करने का लक्ष्य है। केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देशभर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां पर छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2027 तक के लिए सवा लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे ज्यादा घरों को रोशन करने की योजना है।

## अब प्रदेश सरकार भी सब्सिडी देने की तैयारी में

### कितने किलोवाट पर कितना खर्च

योजना के लिए तीन सौ से ज्यादा वेंडर तय किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा तो प्रति किलोवाट के लिए 50 हजार रुपए तय है, लेकिन अलग-अलग वेंडरों का रेट अलग-अलग होने पर एक किलोवाट पर करीब 70 हजार दो किलोवाट पर 1.20 लाख और तीन किलोवाट पर 1.75 लाख का खर्च लग जाता है।




### हर आय वर्ग को सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है।

### अब आवेदनों की बाढ़

प्रदेश में इस योजना में बीते साल अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने का भी काम किया है। इसका परिणाम यह हुआ है अब 38 हजार आवेदन आ गए हैं। फरवरी में आवेदन करने के लिए केंद्र सरकार ने एक नया पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसके कारण आवेदन करने की रफ्तार धीमी हो गई है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया अस्पतालों का दौरा

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से, छत्तीसगढ़ दौरे पर आए संयुक्त सचिव (पॉलिसी) सौरभ जैन ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार 11 अप्रैल को वे जिला अस्पताल पंडरी, यूपीएससी राजातालाब एवं पीएससी मंदिर हसौद का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, संस्था की साफ सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इनफेक्शन कंट्रोल, कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप और स्वच्छता एवं अन्य समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी मौजूद थे।

### ज्ञानदीप विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**रायपुर।** ज्ञानदीप विद्या मंदिर में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि राजेश कुमार के आगमन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डायरेक्टर बीटी कुमार, माधवी ने कक्षा पीपी 2 के छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक योग्यता के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। नर्सरी तथा पीपी 1 के छात्रों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डी सुनीता राव ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्राओं उज्वल भविष्य की कामना की।

### महापौर ने शहीद राजीव पांडेय को दी पुष्पांजलि



**रायपुर।** विश्व की सबसे दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लेशियर पर तिरंगा फहराने वाले शहीद राजीव पांडेय की जयंती पर शुक्रवार को महापौर मीनल चौबे ने उन्हें याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। शहर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### विरोध प्रदर्शन को सीजीडीएफ का समर्थन

**रायपुर।** जांजगीर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के खिलाफ चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा समर्थन दिया गया है। अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि फेडरेशन चिकित्सकीय स्टाफ के साथ है। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि दूसरे जिले से अगर किसी चिकित्सक की ड्युटी जांजगीर जिले में लगाई जाती है तो वे भी चिकित्सकीय स्टाफ के समर्थन में खुद को सेवा से अलग रखे।

## उप मुख्यमंत्री ने की नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा

# एक्शन-प्लान बनाकर नगरीय निकायों के अधूरे काम समय पर करें पूरा : साव

नालंदा परिसरों और अटल परिसरों का निर्माण तेजी से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नीर भवन में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को एक्शन-प्लान बनाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों तथा अटल परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

### बदलनी है शहरों की सूरत और सीरत

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें शहरों की सूरत एवं सीरत को बदलना है। नगरीय प्रशासन की व्यवस्था व्यवस्थित शहर के मापदंडों के अनुरूप हो, इसके लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। नगरीय प्रशासन की टीम अच्छा काम करेगी, तो कार्यों का क्रियान्वयन भी धरातल पर दिखेगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शहरों के विकास में अपने अनुभव का पूरा उपयोग करें। आपके अनुभव का पूरा लाभ शहरवासियों को मिलना चाहिए। विभाग का काम एक मिसाल के तौर पर स्थापित हो, यह मेरी आप लोगों से अपेक्षा है।



*अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में जारी घोषणा पत्र, निकायों के कामकाज तथा विधानसभा में दिए गए आश्वासनों पर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में अपूर्ण और लंबित कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा तयकर एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने अटल परिसरों के निर्माण की असंतोषजनक प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसमें विलंब करने वाले निकायों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री साव ने विधानसभा में प्रस्तुत सीएजी रिपोर्ट एवं उनकी अनुशंसा के अनुसार यथोचित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के विद्युत देयकों का भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनटाइड फंड से करने तथा निकायों में एनर्जी ऑडिट करने के भी निर्देश दिए।*

*जल प्रभारी को नोटिस : श्री साव ने आमदी नगर पंचायत में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जल प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में दिए। सुडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, सुडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि, सचित साहू एवं उप महाप्रबंधक रमेश सिंह सहित नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा के अधिकारी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।*

### साव बोले- सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए कार्यों के साथ ही सड़कों की मरम्मत की गुणवत्ता पर भी खास ध्यान देने को कहा, ताकि सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और सक्रियता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी कार्य या कार्यालय के औचक निरीक्षण के लिए किसी भी दिन पहुंच सकते हैं। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। श्री साव ने यह बात लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में प्रदेशभर में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के कार्यों में कसावट लाने के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में काम पूरा करने और प्रभावी कार्य पद्धति अपनाने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा के दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि 130 सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता कमजोर है। इन सड़कों का गुणवत्ता परीक्षण 72 घंटे में करने के लिए कहा गया है।

**हर हफ्ते करें कार्यों की समीक्षा :** उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर कार्यों पर कड़ी नजर रखने तथा अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करने को कहा।

## जिलाध्यक्ष ने 61 पदाधिकारियों को हटाया, 16 को नोटिस, कहा- एनएसयूआई मस्ती का मंच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई में बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए 61 पदाधिकारियों को उनके पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा रायपुर जिले के 16 पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा द्वारा यह कार्रवाई की गई है। छात्र संगठन का कहना है कि यह कार्रवाई उन पदाधिकारियों पर की गई है जो संगठनात्मक गतिविधियों से लंबे समय से दूरी बनाकर निष्क्रिय बने हुए थे। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया, कुछ पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त किया गया है, जबकि कुछ को अंतिम अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्यवाही न तो व्यक्तिगत है और न ही भावनात्मक। यह पूरी तरह संगठन की गरिमा, अनुशासन और सक्रियता के आधार पर की गई है। हटाए जाने वाले पदाधिकारी उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर थे।

- कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने की कवायद शुरू
- एनएसयूआई से शुरुआत, पहली बार इतनी बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई

### किए जाएंगे बड़े बदलाव

आने वाले समय में संगठन के भीतर और भी बड़े बदलाव किए जाएंगे, जिससे एनएसयूआई एक अनुशासित, सक्रिय और विचारशील इकाई के रूप में खड़ा हो सके।

- शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई



## बारूला में हनुमान जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया

**फिंगेश्वर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर सहित अंचल मे जन्मोत्सव भक्ति एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में फिंगेश्वर के टिम्बर व्यवसायी नोस राम साहू द्वारा गृह ग्राम बारुला में भगवान हनुमान जन्मोत्सव यज्ञ हवन कर पूर्णाहूति देकर मनाया गया। इस अवसर पर श्रीराम लला एवं हनुमान भगवान की जयकारे लगे। जन्मोउत्सव के अवसर पर प्रमुख रूप से भीखम चंद साहू पूर्व अपर कलेक्टर, शिक्षक केशो साहू, ग्राम बारुला के सरपंच सुकदेव साहू, शिवचरण साहू, पोहत साहू, रवि, वोमेश, डॉ. नेमेश, हरिश, संदीप, मोती यादव, तुलस यादव, तीरिथ यादव, चंदु साहू, नेमु साहू व गांव के गणमान्य नागरिक गण एवं महिलाएं उपस्थित थे। रामायण पाठ घनश्याम प्रसाद गुप्ता (बारुला) व उनके मण्डली द्वारा किया गया।

## इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म होता है : अल्तमश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर में विगत दिनों हुए दो हादसों में हंसराज कंसारी और नितुल देवांगन की मृत्यु हो गई जिससे दोनों परिवारों के साथ पूरे नगर में शोक का वातावरण है। नवापारा मुस्लिम समाज इस मामले में सहायता करने सर्वप्रथम सामने आया है। खास बात यह है कि बिना किसी दिखावे के सिर्फ सेवा भाव के साथ इंसानियत का परिचय देते हुए मृतक हंसराज कंसारी,नितुल देवांगन और घायल सागर सोनी के निवास जाकर उनके परिजनों से भेंटकर संवेदना व्यक्त किया। उन्हें ढाढस बंधाते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मुस्लिम समाज और पूरा नगर आपके साथ है। नगर मुस्लिम समाज ने मृतकों को पच्चीस- पच्चीस हजार और घायल सागर सोनी को दस हजार की सहायता राशि प्रदान की है तथा कहा कि भविष्य में हर प्रकार का सहयोग देंने का आश्वासन भी दिया है। बता दें कि मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्दीकी ने हंसराज कंसारी के एक बच्चे की सम्पूर्ण पढ़ाई का खर्चा जब तक बच्चा पढ़ेगा उसकी जिम्मेदारी ली है। मुस्लिम समाज इस शहर में जब भी कोई आपदा आई तो हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता आया है कोरोना काल के समय सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर , फ्री एम्बुलेंस सेवा ,बाढ़ आने से बाढ़ पीड़ितों के व्यवस्थापन से लेकर उनके खाने पीने की व्यवस्था करना ,मेडिकल कैम्प लगाना ,नशा मुक्ति अभियान चलाना जैसे अनेको सेवाभाव के कार्य है। मालूम हो कि नगर में मुस्लिम समाज ने तेज आवाज डीजे पर सर्व प्रथम अपने समाज में प्रतिबंधित किया है। इसके अलावा और भी बहुत से अनुकरणीय कार्य मुस्लिम समाज ने किया है। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्दीकी से मृतक और घायल परिवारों को आर्थिक मदद पहुंचाने और एक बच्चे की पढ़ाई का जिम्मा लेने के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म होता है जिसका पालन हमने किया है। मुस्लिम समाज के इस अनुकरणीय व नेक कार्य की नगर में सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

## हनुमान मंदिर में विधि-विधान से हुई पूजा...



**नवापारा-राजिम।** शहर के मेन रोड मैडम चौक में स्थित हनुमान मंदिर में धूमधाम के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा में नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष संध्या-आशुतोष राव एवं सोमकांत नेताम सपत्नीक बैठे। इस अवसर पर मंदिर परिसर की शानदार सजावट की गई थी। देर रात तक भजन कीर्तन प्रसादी का वितरण होते रहा।

रेलवे में पहली बार जनदर्शन

## यात्रियों ने उठाए मुद्दे कार्य में कोताही पर अधिकारी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए पहली बार शुक्रवार को रायपुर और दुर्ग में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों, वेंडर्स, कुलियों और पार्सल लीज होल्डर्स से उनके अनुभव और समस्याएं सुनीं। इस दौरान यात्रियों ने स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाओं में वृद्धि की शिकायत की। आवेदक ने दो मोबाइल चोरी की घटनाओं का भी उल्लेख किया। इस पर सीनियर डीसीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।



उन्होंने डार्क एरिया में सीसीटीवी कैमरे लगाने, ट्रेनों में आरपीएफ और जीआरपी की गश्त बढ़ाने और टीटीई स्टाफ को चोरियों के प्रति सतर्क रहने की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता जताई।

## मानसगन का आज अंतिम दिन कल होगा फाग गीत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सेंदर में रामायण ज्ञान प्रसार समीति एंव समस्त ग्रामवासियों की तत्वावधान में 10 से 13 अप्रैल तक मानस गान संगीत सह आयोजन जारी है। वहीं 14 को फाग गीत का आयोजन है।

यहां प्रदेश के प्रसिद्ध मानस मंडली को आमंत्रित किया गया है जिनकी संगीतमय मधुर प्रेरक भजन की 24 मंडली की प्रस्तुत हुए। वहीं रामगुण को व्याख्याकार ने विभिन्न प्रसंग को सुनाया। सेंदर आयोजन में हाई स्कूल विशाल मैदान में भव्य सुसज्जित मंच सबको आकर्षित कर रहा है। उच्चस्तरीय साउड सिस्टम, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दानदाताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मिले दान अनुदान राशि का सदुपयोग, भव्य भंडारा, दानदाताओं, विशेष आमंत्रित अतिथियों को शाल श्री फल, मोमेंटो से सम्मानित किया गया है। वहीं मंचस्थ प्रत्येक मानस मंडली को रामजी सिन्हा छूईहा दूर्ग वाले अपने स्वर्गीय पत्नी की स्मृति रामचरित मानस गुटका, हनुमान चालिसा, दुर्गा चालिसा, सुन्दर काण्ड, विष्णु सहस्त्रनाम, आरती संग्रह, श्रीराम स्त्रोत मीनी डायरी, पेन, श्रीफल 21 रुपए नगद दिया गया। रामाधार साहू, अध्यक्ष डॉ. महेश कुंजाम, उपाध्यक्ष जनक साहू कोषाध्यक्ष योगेश देवांगन, हेमलाल साहू, सचिव तुलस वर्मा, उमेश नेताम, रामू राम साहू, परमा, तुलसी, धनी राम सेन, अजय वर्मा, मुरली, धनेश, सरपंच गामनी राकेश घृतलहरे, उपसरपंच तुलसी, जीवन सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, अंकुर पहाड़िया, मंच संचालक साहित्यकार लेखक कवि सुरेश शर्मा है।



### इन मंडलियों ने दी प्रस्तुति

*बारूका, घुटकुनवापारा, मारूटोला, दरगहन, सेम्हरतरा, कुंदरूपारा, मुनगासेर, सिंगदेही, सेंदर, आलेखुंटा, रक्से, धमनी, टाहकापार, मगरलोड, बहरभेणड्री, मोगरापाली, राजिम, लामीडिही, गुढयारी, भलेसर, सोरिद, कोटेरा, गमरी झलप ने संगीत मय मधुर भजन सह राम गुणगान व्यख्या किया गया।*

### दानदाता परिवार के साथ परोस रहे भोजन भंडारा

*सेंदर मानस गान में भोजन भंडारा की व्यवस्था रखा गया है। जिसे दानदाता अपने परिवार के साथ उपस्थित होकर भोजन परोस रहे हैं। 25001 रुपए राजमहल राजा निलेन्द्र बादुर सिंह, 25001 रुपए नागेश चन्द्राकर , 25001 रुपए अमिता-मनोज यदु सरपंच ग्राम पंचायत सरकड़ा अनुसुइया रामाधार साहूकार पूर्व सरपंच सेंदर मनु-संतोष यादव फिंगेश्वर, 20001 रुपए राजेश श्रीवास, 20001 रुपए नारायण साहू, 15001 रुपए गुप्तदान 15001 रुपए मनोहर साहू लालपुर, 15001 रुपए मनोज खरे 11001 रुपए मानिक लाल आसकरण स्मृति में सचिन बंगानी नवापारा, 10001 रुपए व 50 किलो चांवल स्व. श्री जनक राम साहू की स्मृति में पुत्र परमेश्वर साहू (रोजगार सहायक) सेन्दर परसट्ठी 10001 रुपए विद्या मंदिर शिक्षा समिति सेन्दर द्वारा दिया गया है। सेंदर की मानस गान आयोजन में अतिविशिष्ट जन में मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद इंद्रजीत महाडिक, वरिष्ठ भाजपा नेता बोधन साहू, राजमहल फिगेंश्वर, अध्यक्षता युवराज, आदित्येन्द्र, बहादूर सिंह, फिगेंश्वर, सेवा निवृत्त उपसंचालक रामजी सिन्हा छुईहा (दूर्ग) जनपद सभापति फिंगेंश्वर नंदू यादव, ठाकुर राम, केआर वर्मा, डोमन साहू, ओमप्रकाश निषाद, नंदलाल प्रसाद, शुक्ला शिवा सिन्हा, संत राम, छन्नू साहू उपस्थित थे। मुख्यातिथि इंद्रजीत ने कहा की ऐसा आयोजन हर वर्ष होना चाहिए क्योंकि जन मानस में जन चेतना जागृत होता है। हम सबको धार्मिक आस्था से जोडने के साथ रामायण के राम जीवन चरित्र को आत्मसात करने की सीख मिलती है। इंद्रजीत, रामाधार, रामजी ने पहले भोजनालय में भोजन परोसा गया।*

**खबर संक्षेप**

### परिवार के बच्चों और सदस्यों को संस्कारवान बनाएं: अशवंत साहू

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कांपा में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती में शामिल हुए भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर समाज की वर्ष भर की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की जानी चाहिए और जिन क्षेत्रों में समाज एवं समाज के लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें रेखांकित किया जाना चाहिए।

### हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष राठी

**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बेलसोंडा स्थित नगर पालिका के फिल्टर प्लांट के हनुमान मंदिर, वार्ड नं. 14 के हनुमान मंदिर, वार्ड नं. 16 स्थित गौरा चौरा में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, नगर पालिका के पार्किंग स्थल के मंदिर एवं मोंगरा स्थित आदिश्वर राईस मिल में हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर पूजा अर्चना की। उपाध्यक्ष राठी कहा कि भगवान हनुमान के जीवन से हमें वीरता की सीख मिलती है। उनकी राम भक्ति विश्व प्रसिद्ध है। वे अष्टसिद्धि नवनिधि के रूप में पूजे जाते है इनका वेग पवन के समान है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है।

**विडंबना : जिन कुओं से कभी नगर की प्यास बुझती थी अब वे झेल रहे उपेक्षा का दंश**

# उपेक्षा के चलते कुओं का अस्तित्व समाप्त पेयजल और निस्तारी का होता था स्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर सहित अब गांवों में कुओं का अस्तित्व अब विलुप्त हो चुका है। आधुनिक जीवन शैली एक बटन दबाने पर पानी की व्यवस्था हो जाना ही कुओं के महात्व और अस्तित्व को समाप्त कर दिया है। कुआं न केवल निस्तारी व पेयजल के प्रमुख साधन थे बल्कि धार्मिक अनुष्ठानों में भी कुओं का जल का विशेष महत्व है। अब धीरे-धीरे मैनपुर नगर से भी कुआं समाप्ति की ओर है ज्ञात हो कि कुंए के पनघट जहां कभी सुबह शाम चहल पहल रहती थी और गांव के महिलाओ के बीच सुख दुख की चर्चा होती थी लेकिन अब इन कुओं के पनघट पर सन्नाटा पसरा रहता है कभी कभार कुओं की आवश्यकता शादी विवाह के अवसर पर पड़ती है। जहां लोग बड़े सम्मान के प्रतीक पनघट पर जाकर कुंआ पूजन करते दिखते है। आज से दो दशक पूर्व हर गांव के प्रमुख चौक चौराहो में सार्वजनिक प्राकृतिक जल स्त्रोत कुंआ हुआ करते थे जो लोगों के प्यास बुझाने के काम आते थे। लेकिन आधुनिकता के साथ कुंओ की उपेक्षा होने लगी। अधिकांश सरकारी कुंआ या तो अतिक्रमण के भेट चढ़ गये या पट गए और जो कुछ सरकारी कुंए बचे हैं वह उपेक्षा के शिकार हो रहे है।

- ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपयोग नहीं, आधुनिक साधनों ने कुओं को किया बदहाल



**धार्मिक व सामाजिक कार्यों में कुआं पूजन की रस्म**

*इस संबंध में चर्चा करने पर दुर्गा मंदिर मैनपुर के पुजारी योगेश शर्मा कहते है कुंए का पानी शुद्ध माना जाता है और शीतल भी होता है। शादी व अनेक धार्मिक शुभ कार्यों के अवसर पर कुंआ पूजन की रस्म निभाई जाती है और इसके पानी का विशेष महत्व है लेकिन अब कुंए कुछ लोगों के घरों में ही सुरक्षित है। सरकारी कुंए लगभग समाप्त हो गए हैं व उपेक्षा के शिकार है, जबकि कुंए हमारे अस्था का प्रतीक है यदि इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए कुंओ का जिर्णोद्धार कराया जाए तो भीषण गर्मी में पेयजल समस्या का समाधान होगा। साथ ही वाटर रिचाजिंग सिस्टम से क्षेत्र पानी से भरा रहेगा।*

साफ सफाई के अभाव में लोग इसके पानी का उपयोग नहीं कर पाते, ग्रामीण बताते हैं की 15-20 वर्ष पहले मैनपुर तहसील मुख्यालय नगर के भीतर ही दर्जनों सरकारी कुंआ हुआ करते थे जो नगरवासियों के प्यास बुझाने का प्रमुख साधन था और तो और इन कुंए का बकायदा शासन द्वारा समय-समय पर साफ सफाई रख रखाव किया जाता रहा है लेकिन बदलते परिवेश में हैंडपंप और अन्य पेयजल के साधन उपलब्ध होने से धीरे-धीरे सरकारी कुंओं का उपेक्षा होने लगी और अब मैनपुर नगर में ही नाम मात्र के सरकारी कुंए बच गए हैं जो उपेक्षा के शिकार हो रहे है और साफ सफाई के अभाव में लोग इसके पानी का उपयोग अब सिर्फ निस्तार के लिए करते दिखते है।

**नगर का ऐतिहासिक माल कुआं उपेक्षा का शिकार**

मैनपुर नगरवासियो से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर का सबसे पुराना ऐतिहासिक कुंआ माल कुंआ को बताते है यह कुंआ का पानी काफी मीठा और साफ रहता है इसलिए नगर के आधे आबादी कभी इस कुंए पर आश्रित हुआ करते थे। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर में सप्ताहिक बाजार के भीतर, शिक्षक कालोनी, आश्रम परिसर, वन विभाग परिसर, प्राथमिक शाला परिसर, लोक निर्माण परिसर, मुख्य मार्ग के किनारे में काफी पुराने कुंए हुए करते थे लेकिन जब नगर में पर्याप्त हैंडपंप और पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध हो गई और लोगों को कुंए की आवश्यकता कम होने लगी तो अब नगर के अधिकांश कुंए या तो पूरी तरह पट चुके हैं या तो उपेक्षा के शिकार है, वैसे आज भी नगर के लोगों के घरों में निजी कुंए आज भी पेयजल का मुख्य स्त्रोत है। नगर में लगभग 30 से ज्यादा कुंआ लोगों के घरों में है और वे कुंए के पानी का उपयोग करते है उनका कहना है कुंए का पानी काफी मीठा और स्वादिष्ट रहता है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के ग्रामों में भी सरकारी कुंए जो प्रमुख चौक चौराहो में आज भी देखे जाते है और लोग इनका पानी का उपयोग करते है लेकिन अधिकांश कुंए अनेदेखी और उपेक्षा का शिकार हो रहे है लंबे समय से साफ -सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और यह प्राकृतिक जल स्त्रेत अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है।

## नरवा, घुरवा बाड़ी को फिर से प्रारंभ किया जाए : टीकम

**मैनपुर।** गोड़वाना गणतंत्र पार्टी गरियाबंद जिला अध्यक्ष टीकमसिंह नागवंशी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि कांग्रेस



शासनकाल में संचालित किसानो के लिए नरवा, घुरवा, बाड़ी योजना को पुनः प्रारंभ किया जाए। श्री नागवंशी ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में सर्वाधित आबादी किसानों की है जिनका मुख्य स्त्रोत कृषि कार्य है जिससे सभी का जीविका चलता है। पूर्व के कांग्रेस सरकार द्वारा नरवा, घुरवा, बाड़ी योजना चलाकर खेती में जैविक उर्वरक शक्ति एवं पौष्टिक धान, दलहन तिलहन, साग सब्जी उत्पादन के साथ परंपरागत गोबर खाद के उपयोग का योजना प्रारंभ किया गया था जिससे ग्रामीणजनों को रोजगार एवं महिला स्वसहायता समूह को रोजगार मिलने के साथ वे आत्मनिर्भर हो रहे थे जिससे हमारे गोधन की सुरक्षा के साथ कृषकों को खेती के लिए बहुउपयोगी खाद बहुत ही कम दामों में मिल रहा था। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार को बढ़ावा मिल रहा था। श्री नागवंशी ने आगे कहा की भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में इस योजना को बंद कर दिया गया जो समझ से परे है जबकि इस योजना के निर्माण में करोड़ो रूपये खर्च किया गया है। श्री नागवंशी ने मांग किया है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एवं किसानों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए किसान हितैशी नरवा, घुरवा, बाड़ी योजना को पुनः प्रारंभ किया जाए।

## ज्योतिबा फुले थे एक महान समाज सुधारक : सोमनाथ



**राजिम।** नगर मरार पटेल समाज के तत्वावधान में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से पटेल धर्मशाला में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेजस आत्मानंद के सांसद प्रतिनिधि, पटेल समाज के जिला अध्यक्ष तथा पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, मरार पटेल समाज के प्रदेश के उपाध्यक्ष नारायण पटेल, नगर अध्यक्ष भूखन पटेल, छुरा नगर पंचायत के पार्षद बलराज पटेल, नगर सचिव कमल पटेल, सहसचिव दिलीप पटेल, नगर उपाध्यक्ष चंद्रिका पटेल, सलाहकार जगन्नाथ पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने कहा कि महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी का जन्म 11 अप्रैल सन 1827 को पुणे में हुआ था और उनका निधन 28 नवंबर 1980 को उसी शहर में हुआ था, फूल जी एक महान समाज सुधारक, दार्शनिक और लेखक भी थे, उन्होंने जीवन पर्यन्त जाति व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी, और दलितों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने सभी के सम्मान और अधिकार के लिए शिक्षा के अधिकार की वकालत किया। साथी उन्होंने महिलाओं के शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए 1948 में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला, और उसकी पत्नी सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम शिक्षिका बनी। मरार पटेल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत में सामाजिक सुधारो के एक महान नेता के रूप में याद किया जाता है, उनका योगदान भारत के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास मैं बहुत महत्वपूर्ण है। नगर अध्यक्ष भूखन पटेल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महा समाज सुधारक थे उन्होंने जातिवाद छुआछूत, असमानता को दूर करने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम का संचालन नगर सचिव कमल पटेल ने किया और आभार व्यक्त सह सचिव दिलीप पटेल ने किया।

## मैनपुर ब्लाक में 19325 लोगों ने दिया आवेदन



**मैनपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्ग दर्शन में शुरू हुए राज्यव्यापी सुशासन तिहार में जनता ने मुख्यमंत्री के प्रति भरोसा जताया और मैनपुर विकासखण्ड के 74 ग्राम पंचायतों में 8 से 11 अप्रैल तक कुल 19325 लोगों ने आवेदन दिया जिसमें 19177 आवेदन मांग से संबंधित है तो वहीं 148 आवेदन शिकायत की मिली है। सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण अपने सभी कार्यों को छोड़कर सुबह 10 बजे से देर शाम तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचकर आवेदन पेटी में डालते दिखाई दिए। सरकार से संवाद और समस्याओं के समाधान की इस पहल से लोग अपनी समस्याओ शिकयतो और मांगों को शासन प्रशासन के समक्ष रख कर भरोसा कर रहे है कि उनके मांगो का समाधान होगा। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री,राशन कार्ड,शौचालय निर्माण, उज्जवला गैस, मनरेग जॉब कार्ड, अयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य सहायता, किसान क्रेडीट कार्ड, पेंशन संबंधी आवेदन देते दिखाई दिए तो वहीं क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए भी ग्रामीण आवेदन करते रहे।

**जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से किया संपर्क**

सुशासन तिहार 2025 का जयजा लेने जनपद पंचायत मैनपुर के जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम गांव -गांव घूम कर ग्राम पंचायत में भेंट मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या को जाना एवं सुशासन त्योहार के जरिए अनेक जगह पंचायतों की मांग रखी एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के लिए एवं आयुष्मान अस्पताल में बेड बढ़ाने को लेकर एवं अन्य आवेदन भी प्रस्तुत किए गए और जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम ग्रामीणों से चर्चा कर और अन्य मांग या कोई परेशानी के विषय में ग्रामीणों से मिलकर चर्चा किया गया।

**आवेदन देकर मुख्यमंत्री को मैनपुर आने का दिया निमंत्रण**

सुशासन तिहार में जहां ग्रामीणों ने अनेक तरह की समस्याओं की समाधान के लिए आवेदन दिया तो वहीं मैनपुर के युवा सौरभ पटेल ने सुशासन पेटी में आमंत्रण पत्र डालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मैनपुर आने का निमंत्रण दिया। सौरभ पटेल ने बताया मैनपुर में आज तक 25 वर्षों में सिर्फ मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एक बार पहुंचे है उसके बाद कोई भी मुख्यमंत्री मैनपुर नगर नहीं पहुंचे है जबकि मैनपुर नगर गरियाबंद जिले के काफी महात्वपूर्ण ब्लाक में एक है यहां किमती रत्न हीरा निकलता है खनीज संपदा से भरा क्षेत्र है और तो और वन सम्पदा से भी भरा क्षेत्र है। उन्होने बताया की मैनपुर के लोग लंबे समय से सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, डॉक्टर की मांग कर रहे हैं मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हमारे आमंत्रण पर मैनपुर आयेगें तो सभी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। इसलिए हम अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय को मैनपुर आने का निमंत्रण सुशासन तिहार के माध्यम से दिए है।

## सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर हो रहा प्रदेश का विकास : चंदूलाल साहू

**राजिम।** शुक्रवार को अटल नगर नवा रायपुर मुख्यालय में छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम अरुण साव, गरियाबंद जिले के प्रभारी एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मौजूद थे। चंदूलाल साहू ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि सबका साथ सबका विकास के तर्ज से प्रदेश व देश का खूब विकास हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन को लेकर हर क्षेत्र में काम कर रही है। मोदी जी गारंटी के साथ-साथ एक विजन लेकर चल रहे हैं, कि आने वाला 2047 तक भारत देश पूर्ण विकसित राष्ट्र बनेगा। हम सब एक दूसरे का सहयोगी बन कर कार्य करें। मोदी जी हमेशा कहते हैं कि राजनीति में हम सेवा करने के लिए आए हैं। यह एक या दो साल का कोर्स नहीं है, बल्कि महायज्ञ है। जिसमें आहुति डालकर हम जीवन पयंर्त सेवा करते रहे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझे अध्यक्ष बनाया। सभी वरिष्ठों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मुझ पर जो विश्वास किया गया है उन अपेक्षाओं के अनुरूप खरा उतरूंगा। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन को धरातल में उतारेंगे। मोदी जी के विजन 2047 में पूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेंगे। पार्टी जिस अपेक्षा के साथ मुझे जिम्मेदारी सौंपी हैं उसमें मैं पूरा-पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपना काम करूंगा। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि



चंदूलाल साहू का राजनीतिक क्षेत्र में लंबा अनुभव है। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर, सेवानिवृत्त रेंजर लखन लाल सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नवापारा के वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर देवांगन, गैंदलाल साहू, पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल, योगिता-डॉ. के आर सिन्हा, अशोक गंगवाल, मनीष साहू, गजेंद्र यादव, डॉ दिलीप साहू, मोहन साहू, मोती साहू, टीकम साहू, प्रदीप जैन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जानकी पटेल, भारत यादव, अंजनी उत्तम, सोमप्रकाश साहू, आकाश सिंह राजपूत, सुरेश पटेल, टंकेश्वर सोनकर, अजय पटेल, मंशाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू, शैलेन्द्र साहू, बलराम यादव तथा गरियाबंद जिले से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर मरीजों को बांटे फल

**फिंगेश्वर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामुदायिक अस्पताल फिंगेश्वर में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाए दी। इस अवसर पर डॉ. भूपेन्द्र कुर्रे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी सहभागी रहे। इस अवसर पर अशोक साहू, टोकेश साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, ललित डड़सेना, देवेंद्र देवरिया, उत्तम राजवंशी, वेदराम नंदे आदि शामिल हुए।



## सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है : मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

मलेवा अंचल भाजपा मंडल संयुक्त सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन ग्राम पीपरछेडी के रेस्टहाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर सभी आमंत्रित अतिथियों ने की। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने स्वागत भाषण में कहा कि सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। 6 से 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया जाएगा। सभी भाजपा कार्यकर्ता को गांव -गांव घर घर जाकर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देनी है। मंडल महामंत्री ईश्वर वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। आज यह विश्व की सबसे बड़ी



राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। भाजपा सक्रिय सदस्य और जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 80 प्रतिशत नगरीय निकायों पर भाजपा का कब्जा है। जिला और जनपद पंचायतों में भी भाजपा मजबूत है। 1980 से भाजपा के स्थापना के बाद लगातार संघर्ष करते हुए लोगों का विश्वास अर्जित कर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनने का गौरव प्राप्त किया है। सक्रिय सदस्य गैंदालाल दीवान ने आह्वान की हम सब को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी बताएं सिद्धांतों को अनुशरण कर जनकल्याण के कार्य में सहभागिता निभाएं। मोदी के कार्य को देखते हुए नवाडीही के सरपंच ने भाजपा में सदस्यता ग्रहण किया गया। इस अवसर पर झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, समारु सोरी, ओंकार सोरी, खेदूराम, रामेश्वर दीवान, मोहन यादव, मनहरण नेताम, हीरालाल प्रजापति, दीरा सिंह, जीवन लाल, भागीरथी राजपूत, बिसाहू सोरी, मोती कंवर, सहित मलेवा अंचल के सभी सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता और समानता पर आधारित है आदिवासी समाज : प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय द्वारा आयोजित बदलता परिदृश्य और आदिवासी जीवन विषय के दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य वक्ता कवि एवं आलोचक तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल थे तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में कलिंगा यूनिवर्सिटी से आये प्रो. अजय कुमार शुक्ल एवं प्रो. ए. राजशेखर थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने किया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने भी भी कार्यक्रम में अपना संबोधन दिया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो शुक्ल ने कहा कि आदिवासी समाज का सबसे ज़्यादा शोषण साम्राज्यवाद के द्वारा किया गया है चाहे वह राजनैतिक तौर पर हुआ हो या पूंजीवादी शक्तियों के द्वारा। आदिवासी समाज स्वयत्तता, स्वतंत्रता और समानता पर आधारित समाज है। परम्परा से ही आदिवासी लोगों की गलत व्याख्याएं की गई हैं।

**आदिवासी समाज में शिक्षा तो बढ़ा लेकिन संस्कृति का हो रहा ह्रास**



तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि आज आदिवासी समाज में शिक्षा और संचार तो बढ़ा है लेकिन उनकी संस्कृति और कलाओं का ह्रास हो रहा है। यदि महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी तो वे न केवल अपने अधिकारों और अवसरों से वंचित रह जाएंगी, बल्कि आदिवासी संस्कृति की संवाहक और रक्षक की भूमिका भी कमजोर पड़ जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी ने दिया। संचालन नीलम घृतलहरे और किशोर कुमार कठार ने किया। संगोष्ठी का संयोजन कला एवं मानविकी संकाय के प्रमुख डॉ. दिवाकर तिवारी ने किया।

**विकास के नाम पर पेड़ों को काटा जा रहा**

कलिंगा विश्वविद्यालय से आए प्रो. अजय शुक्ला ने कहा कि परिदृश्य बदलता रहेगा, बदलाव स्वभाविक है। सबसे दुर्लभ खनिज आदिवासी क्षेत्रों में है और उसपर पूंजीपतियों की नजर है। जाहिर है कि पूंजीवाद के विकास के साथ ही प्रकृति और पर्यावरण का तेजी से ह्रास हो रहा है। कलिंगा विश्वविद्यालय से आये प्रो. ए राजशेखर ने कहा की जब एक समय के बाद अपने ही साथ नहीं होते तो विचार कैसे एक हो सकते हैं। लेकिन स्मृतियां रहती हैं। आज सबसे खतरा स्मृतियों पर ही हैं। विकास के नाम पर पेड़ों को काटा जा रहा है, खनन किया जा रहा है। प्रकृति पर आश्रित समाज के पास जब उसके संसाधन नहीं रहेंगे तो निश्चित तौर पर वह समाज बदलेगा। वह स्वयं नहीं बदल रहा है बल्कि हम उसे बदलने के लिए मजबूर कर रहे हैं। स्थानीयता को छोड़कर अगर हम विकास करेंगे तो अपनी भाषा, संस्कृति को नहीं बचा सकते। हमारे त्योहार, गीत, कहानियाँ और नाच यही हमारी पहचान और विश्वास का आधार हैं।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार में माताएं बहने सुरक्षित नहीं : यादव

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव ने कहा की छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा सरकार बनी है कानून व्यवस्था बदहाल हो गई है राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद बेटियां, माताएं, बहने सुरक्षित नहीं है। लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही है। दुर्ग में एक छोटी सी बच्ची के साथ अनाचार के मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है अपराधी बेलगाम हो गए हैं उनमें कानून का भय नहीं है। रोज हत्याएं, लूट और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने में नाकाम है। श्री यादव ने कहा की दुर्गा की अबोध निर्भया को न्याय दिलाने कांग्रेस द्वारा न्याय पद पर पदयात्रा किया जाएगा।

### सोनदादर के जलज का एनडीए में हुआ चयन

**बागबाहरा।** ग्राम सोनददार बागबाहरा के होनहार छात्र जलज चंद्राकर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयन हुआ है। जलज, सोनदादर निवासी मनोज चंद्राकर और राधा चंद्राकर के सुपुत्र है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा कार्मेल कॉन्वेंट बागबाहरा इसके बाद माध्यमिक शिक्षा सैनिक स्कूल अंबिकापुर से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और हमेशा एक मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ, जलज खेलकूद और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं।

### परसुली में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह आज

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा के अतर्गत ग्राम परसुली में विधायक मद से 5.00 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आज होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी होगें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज करेंगे।

## जन्मोत्सव : नवापारा और राजिम के हनुमान मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता

# हनुमानजी का मनाया गया जन्मोत्सव पूजा पाठ कर प्रसादी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में शनिवार को श्रीराम भक्त हनुमान जी के सभी मंदिरों में काफी धूमधाम के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। जगह-जगह पूजा पाठ कर प्रसादी वितरण किया गया। सुबह से देर रात तक सुंदरकांड का पाठ एक से बढ़कर एक भजन, हनुमान चालीसा और संगीतमय रामायण चलता रहा। शहर केसरिया ध्वज से अटा हुआ था। जगह-जगह पूजा-पाठ, हवन और प्रसादी वितरण किया जाता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक नवापारा और राजिम दोनों ही शहर के सभी हनुमान जी के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जी का पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। कथा, हवन, अनुष्ठान, अभिषेक, रामायण, महाआरती व सुंदरकांड का पाठ चलता रहा। शहर के लगभग सभी हनुमान जी के मंदिरों को विशेष तौर पर रंग-रोगन, तोरण-पताका, झालर, गुब्बारों और फूलमाला से सजाया गया था। हनुमान जी की प्रतिमा में सिंदूर का चोला चढ़ा कर विशेष श्रृंगार किया गया। समूचा शहर केसरिया ध्वज से लहराता हुआ नजर आया है। मंदिरों में हनुमान जी के भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा में शामिल हुए।




### हनुमान जी का हुआ विशेष श्रृंगार

श्री राधाकृष्ण मंदिर स्थित हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार इस बार रूद्राक्ष से किया गया था। सुबह जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के बाद ध्वजा चढ़ाई गई। इसके साथ ही श्री सालासार सुंदरकांड जनकल्याण समिति द्वारा चालीसा पाठ एवं सुंदरकांड का पाठ संगीत के साथ किया गया। समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भारी भीड़ के साथ अनवरत पाठ के द्वारा हनुमान भक्ति का ऐसा समा बांधा कि श्रद्धालु नतमस्तक हो गए। दोपहर भण्डारा सजाया गया। समिति की सदस्य बालिकाओं ने लगभग 15 सौ लोगों को भोजन प्रसादी कराया।



### नपा अध्यक्ष ने मंदिर में प्रसादी का किया वितरण

राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव एवं नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने शर्मा भोजनालय स्थित हनुमान जी के मंदिर में प्रसादी वितरण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बस स्टैण्ड स्थित शर्मा भोजनालय के सार्वजनिक हनुमान मंदिर में संकटमोचन सुंदरकांड समिति द्वारा अभिषेक, चोला वंदन, श्रृंगार, पूजा-अर्चना और महाआरती पं. कन्हैया तिवारी के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। हवन- पूजन व सुंदरकांड पाठ सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चला। भोग के बाद सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में बनी रही। नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू सबसे पहले अपने निवास वार्ड क्रमांक 2 में महावीर चौक के हनुमान जी के मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना किया। उसके बाद यादव पारा पहुंचे। यहां हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर बस स्टेण्ड स्थित शर्मा निवास पहुंचकर दक्षिणमुखी हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर प्रसाद प्राप्त किया। यहां से शर्मा भोजनालय में पूजा कर नगर पालिका नलघर टंकी में हनुमान जी महाराज की पूजा कर श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर पूजा में शामिल हुई।

### भक्तों ने सिंगार व चोला अर्पित कर, हनुमान की महाआरती की



*छुरा। श्रीराम भक्त के द्वारा हनुमान प्रकटोउत्सव का आयोजन बजरंग चौक छुरा में किया गया। हनुमान मंदिर को लाइटों झालरों एवं पुष्प, माला, ध्वज, तोरण, पताका से सजाया गया। प्रातः श्री राम भक्तों द्वारा हनुमान जी के मंदिर में पूजा पाठ दर्शन करने पहुंचे जो निरंतर संध्याकालीन तक चलता रहा। सबसे पहले पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडे के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण भक्तों द्वारा सिंगार चोला चढ़ावा पुष्पमाला अर्पित किया गया तत्पश्चा हवन एवं हनुमान के महाआरती किया गया। आरती पश्चात हलवा, पूरी, चना प्रसादी दिनभर दिया गया साथ ही साथ आमंत्रित मानस रामायण मंडलीय शिक्षक मानस परिवार छुरा एवं शिव शक्ति महिला रामायण मंडल के द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से नरेंद्र पटेल, यशवंत यादव, प्रकाश निर्मलकर, उत्तम साहू, गोविंद यादव, शीतल ध्रुव, हेमनारायण देवांगन, दीपक गुप्ता, गोपाल, दुर्गेश साहू ,माधव साहू, हितेंद्र देवांगन, प्रमोद साहू, विशाल कोठारी, विनोद देवांगन, दिनेश कोठारी, ललित, संदीप जैन, बलराज पटेल, शिव ठाकुर, महेंद्र पटेल, हेमंत साहू, लाला त्रिपाठी, नीलू, विकेश, सुनील, सतीश पाल, खोलबहारा यादव, गोपाल सोनी, कामिनी कृपा यादव रेखचंद देवांगन आदित्य तिवारी धर्म प्रेमी उपस्थित थे।*





## विशाल भोग भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

**राजिम।** श्री हनुमान जी महाराज के प्राकट्योत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा विशाल भोग भंडारा का आयोजन बस स्टैंड में किया गया जहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के सदस्य गण मौजूद रहे। सुबह विशेष पूजा अर्चना किया गया। रविवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें भारी संख्या में दुर्गा वाहिनी के बहने भी शामिल होंगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा, चारों तरफ भगवा ध्वज लहराया

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को धुमधाम के साथ मनाई गई। हनुमान जन्मोत्सव पर मैनपुर बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर में सुबह से श्रीराम सेना हिन्दू संगठन एवं नगरवासियों द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम 6 बजे ग्राम हरदीभाठा से श्रीराम सेना हिन्दू संगठन द्वारा रथ में हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्रीरामजानकी मंदिर हरदीभाठा से प्रारंभ होकर सुभाश चौक शिक्षक कालोनी होते हुए मैनपुर नगर का भ्रमण कर रही है और चारों तरफ युवाओं द्वारा जय जय श्रीराम के जयकारों के साथ भगवाध्वज लहराया जा रहा है शोभायात्रा में हरदीभाठा मैनपुर व आसपास ग्रामों के बड़ी संख्या में युवा, महिला, पुरुष और क्षेत्र के लोग शामिल हुए है।




### बस स्टैण्ड में हुआ भण्डारा का आयोजन

मैनपुर मुख्यालय बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर में आज सुबह से विशेष पूजा अर्चना के साथ हनुमान जी का श्रृंगार किया गया और अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। शाम को महा आरती के साथ भण्डारा का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए है और चारो तरफ मैनपुर नगर का माहौल धार्मिकमय हो गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से आचार्य नंदकिशोर चौबे, मोहित द्विवेदी, रूपेश साहू, दिनेश सचदेव, पारस सिन्हा मुकेश सिन्हा, केशव बंछोर, प्रवीण शिन्दे, उमंग ठाकुर, दिग्विजय कुमार, भरत दास, पारे"वर पटेल, रोमेश बंछोर, गैंदु यादव, लखन बाम्बोड़े,गणेशदास वैष्वण गौरव बाम्बोंड़े, जगदीश नागेश, लखन साहू, रामदास वैष्णव, योगेश शर्मा, जशवंत साहू, चुम्मन पाण्डेय, कोमल पटेल, सवितानंद साहू, महेश साहू, टिकेन्द्र निर्मलकर, हरिश यादव, बुधेश्वर साहू,,मनोज निर्मलकर, शेखर पटेल, सुनिल साहू,कोमल साहू,द्रोणाचाय,राजकुमार सोनवानी,नंद किशोर पटेल,लिबास पटेल उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम हरदीभाठा, भाठीगढ़, नहानबिरी, गोबरा, बरदुला, बोईरगांव, उदंती, देहारगुड़ा, गौरघाट, धवलपुर, घटौद, मोहंदा, शोभा, अड़गड़ी, इंदागांव सहित पूरे क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया एवं हनुमान चालीसा का पाठ रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

# सचिवों ने भूख हड़ताल पर बैठकर हनुमान चालीसा का किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



एक सूत्रीय मांग शासकीय कारण को लेकर जनपद पंचायत के सचिव आज भी हड़ताल स्थल पर डटे रहे और अपनी मांगों को पूर्ण करने के लिए क्रमिक भूख हड़ताल पर धरना प्रदर्शन करते रहे। ज्ञात हो की आज श्री राम दूत हनुमान जयंती का पर्व भी था प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रांतीय निर्देशानुसार शनिवार को हड़ताल स्थल पर ग्राम पंचायत सचिवों ने हनुमान जयंती पर्व मनाया और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। पूजा अर्चना आरती के पश्चात सभी पंचायत सचिवों ने एक स्वर में श्री राम दूत हनुमंत लाल से अपनी मांगों के संबंध में विनती किया कि हम सचिवों का केवल एक ही मांग है शासकीय कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और पंचायत मंत्री माननीय विजय शर्मा को सद्बुद्धि प्रदान करते हुए जल्द से जल्द शासकीय कारण की सौगात देने की कामना की। ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर ने बताया कि आज क्रमिक भूख हड़ताल का प्रथम दिवस है जिसके तहत संगठन की पांच मात्र शक्तियों धनेश्वरी ध्रुव, खोमेश्वरी साहू, अंबिका सोनी, उमा दीवान पंडाल स्थल पर ही भूख हड़ताल पर बैठी हुई है जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती लगातार हम क्रमिक भूख हड़ताल पर इसी प्रकार धरना प्रदर्शन करेंगे। आज हड़ताल स्थल पर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर सचिव बोधन साहू, सुरेश साहू, खेमन साहू, रामचंद्र, दामोदर सोरी, नागवंशी दीवान, दिलीप चंद्राकर, देवानंद यादव, शुबल मरकाम, युवराज सिंह, विक्रम, घनश्याम यादव, द्वारिका साहू, विष्णु साहू, अनिल साहू, नारद पटेल, गणेश साहू, तीरथ नेताम, भुवनेश मरकाम, हरिश्चंद्र ध्रुव, ताराचंद साहू उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने इंटर्नशिप के माध्यम से सीखा बैंकिंग व फाइनेंस के कार्य

**राजिम।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) विषय में शासन के निर्देशानुसार छात्राओं का इंटर्नशिप कार्यक्रम एसबीआई सेवा केन्द्र तथा लक्ष्य हाउसिंग फाइनेंस कंपनी में संपन्न हुआ जिसमें सभी विद्यार्थियों को बैंक तथा फाइनेंस से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान जैसे विभिन्न प्रकार के खाता खोलने के लिए केवाईसी करना, रुपए जमा एवं निकासी पत्र भरकर लेन-देन करने, विभिन्न प्रकार के ऋण व इसके प्रक्रिया, डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षा, ग्राहक सेवा केन्द्र, व्यापार संवाददाता जैसे विषयो के बारे में व्यावहारिक जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्य में बैंकिंग तथा फाइनेंस संस्था के विशेषज्ञ निर्मल सर और प्रभात सर के द्वारा विद्यार्थियों को लगातार सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही वित्तीय संस्था के अन्य कर्मचारीगण का भी पूर्ण सहयोग मिला। शाला के प्राचार्य केके यदु सर, अनुपमा ठाकुर मैडम तथा स्टाफगण द्वारा छात्राओ को व्यावहारिक ज्ञान के महत्व को बतलाते हुए सम्मिलित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए। यह कार्यक्रम व्याख्याता व्यावसायिक शिक्षा उमेश राठौर के सानिध्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# क्षेत्र का विकास करना ही हमारी पहली प्राथमिकता : विधायक साहू



**मुड़ागांव(कोरासी)।** राजिम विधानसभा का घाट खालहे क्षेत्र के ग्राम सोरिद में श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू ने अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। ज्ञातव्य हो कि यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ माना जाता था लेकिन विधायक रोहित साहू के लगातार दौरे एवं अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति से अब बयार बदलने लगी है। रामचरित मानस सम्मेलन में पहुंचे विधायक रोहित साहू का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत सत्कार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर प्रभु श्रीराम के जीवनचरित्र का वर्णन होता है। वहां पर भगवान विराजमान होते हैं। ऐसे में श्रवण करने वाले सभी भक्तों का प्रभु सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमराचरित मानस ग्रंथ से निकले हुए एक-एक शब्द प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हुए उसे अपने जीवन में उतार लें तो निश्चित रूप से राम राज्य की स्थापना होगी। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर सर्व समाज मंगल भवन निर्माण के लिए घोषणा की तथा धार्मिक स्थल मां रमईपाठ धाम में टीन शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा भी की।

### टेंडर प्रक्रिया शुरू होने के बाद जल्द होगा निर्माण

विधायक रोहित साहू ने घाट खालहे क्षेत्र की बहुप्रतिक्षित आमानाला जलाशय नहर लाइनिंग जीर्णोद्धार के लिए साढ़े पांच करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने की जानकारी जनमानस को दी और कहा कि इसका टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है जिसके बाद निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र प्रारंभ हो जायेगा। आप सबने अपार आशीर्वाद देकर मुझे विधायक बनाया है तो आपके समस्याओं के निराकरण की जिम्मेदारी भी मेरी है। अब तक ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द में 38.20 लाख रुपए की सौगात मिल चुकी है। इस दौरान कार्यक्रम में जगदीश यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर, राजू साहू जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा, पुष्प लता सिन्हा जनपद सदस्य, वेद राम नंदे, मनीराम यादव, ललित सिंन्हा, चंद्रहास बरिहा सरपंच ग्राम पंचायत सोरिद, हेमंत सिन्हा उप सरपंच ग्राम पंचायत सोरिद, पुनारद निर्मलकर, श्रीराम सिन्हा, श्रीराम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार निषाद, अमर लाल, कान्हा सिन्हा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पार्टी को मजबूत करने पूरी मेहनत के साथ काम करें : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत हरदी में भाजपा मण्डल का एक दिवसीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू उपस्थित रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता तुलाराम साहू, नारायण पटेल, सरवर खान, रिंकू सचदेव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, लखन तिवारी, नरेंद्र तिवारी, राकेश शर्मा, भरत लाल साहू, दुवासु ठाकुर कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ व तिलक लगा कर स्वागत किया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने इस मौके पर आए हुए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी मण्डल छुरा के तरफ से आयोजित सक्रिय



भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन के आयोजन के बारे में पार्टी कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने अपने विचार रखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने में पूरी मेहनत के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा, नगरीय निकाय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत में भारतीय के कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरी निष्ठा से कार्य किया गया है तब जाकर केन्द्र में राज्य में जिला पंचायत, जनपद पंचायत व नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के सबसे ज्यादा सीट जीत कर आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तरफ से सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने का मकसद सभी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे और कहा की केंद्र सरकार की तरफ से लगातार आम लोगों की बेहतरी के लिए काम किया जा रहा है और सरकार की तरफ से लगातार ऐसी योजनाओं को शुरू किया गया है जिसे हर एक परिवार को काफी लाभ मिल रहा है। मंच संचालन मण्डल महामंत्री रामलाल कुलदीप ने किया। आभार प्रकट राकेश शर्मा ने किया। इस मौके पर भाजपा मण्डल महामंत्री रामलाल कुलदीप, देवा साहू, मंथिर ध्रुव, लोकेश चन्द्राकर, धर्मेंद्र चन्द्राकर, कृष्णा पटेल, संतोषी साहू, वेदिका वासनिक, भगवती दीवान, लीना दुबे, हेमंत कंसारी, चुन्नी सोनी, संतराम निर्मलकर, रुपनाथ बंजारे, इमरान मेमन, भवानी शंकर सेन, हिरण राजपूत, मानिक साहू, दीशांक चन्द्राकर, समारू साहू, जितेन्द्र ध्रुव, उत्तम कुलदीप, गिरवर लहरें, खुबचंद चन्द्राकर, गुलाब सिंह दिवान, लाकेश्वर यादव, बलराम साहू, लोकेश्वरयादव, डिगेश्वर साहू, देवेन्द्र शर्मा, घनश्याम प्रसाद साहू, गणेशु साहू, भुनेश्वर डहरिया, बलराज पटेल, गणेश यादव साथ-साथ काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।







